—|

कार्यालय आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास म.प्र.

राजीव गांधी भवन, 35 श्यामला हिल्स, भोपाल
E-Mail: comscd@gmail.com

क्रमांक/शिक्षा–1/14–15/ 5613 भोपाल दिनांक 22-10-14

प्रति

1. आयुक्त उच्च शिक्षा, म.प्र.
2. संचालक तकनीकी शिक्षा, म.प्र.
3. संचालक चिकित्सा शिक्षा, म.प्र.
4. संचालक, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी (आयुष) मध्यप्रदेश

विषयः– **मान्यता प्राप्त शासकीय/अशासकीय शिक्षण संस्थाओं / पाठ्यकमों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने बावत्।**

संदर्भः– कार्यालयीन पत्र क्रमांक/शिक्षा–1/14–15/**5149 दिनांक 30/09/2014**

कृपया विषयांकित संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अनुसूचित जाति विभाग के लिए एन.आई.सी. द्वारा तैयार किये जा रहे छात्रवृत्ति पोर्टल हेतु मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं/ तथा पाठ्यकमों की अधिकृत सूची चाही गई थी, किन्तु NIC द्वारा अवगत कराया गया है कि आपके कार्यालय से प्राप्त जानकारी निर्धारित प्रपत्र में नहीं है (पत्र की प्रति संलग्न)। विभागीय पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को सरलीकृत प्रक्रिया से छात्रवृत्ति स्वीकृत, वितरण की दृष्टि से आपके विभाग द्वारा संचालित समस्त मान्यता प्राप्त संस्थाओं की प्रामाणित सूची की आवश्यकता है जिसे छात्रवृत्ति पोर्टल में अपलोड किया जा सके।

कृपया आपके विभाग से संबंधित संचालित/मान्यता प्राप्त समस्त शसकीय/अशासकीय शिक्षण संस्थाओं तथा पाठ्यकमों की अधिकृत प्रामाणित अद्यतन सूची NIC द्वारा निर्धारित संलग्न प्रपत्र में शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नः– NIC का प्रत्र एवं प्रपत्र

(अजय जासू)
संयुक्त संचालक
अनुसूचित जाति विकास
म.प्र. भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक/शिक्षा–1/14–15/ भोपाल दिनांक

प्रतिलिपि–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
2. वरिष्ठ तकनीकी संचालक NIC राज्य इकाई विंध्याचल भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ ।

sd/-
संयुक्त संचालक
अनुसूचित जाति विकास
म.प्र. भोपाल

jd/G:\Letter manyata prapt.docx